जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा
www.dainikjagranmpcg.com
राहतगढ़ • खुरई • पथरिया • सिलवानी • गैरतगंज • गंजबासौदा • सिरोंज • बीना • शमशाबाद
भोपाल 18 जून 2026

### शाहगढ़ में स्टाफ नर्स की हत्या कर फरार था आरोपी, स्वास्थ्य केंद्र में थी पदस्थ

# इनामी हत्यारे ने चार माह तक छकाया आखिरकार पुलिस गिरफ्त में आया

**जागरण, सागर/शाहगढ़।** स्टाफ नर्स की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस को इसके लिए चार माह तक मशक्कत करनी पड़ी और आरोपी पुलिस की आंखों में धूल झोंकता रहा। चार माह से फरार और 20 हजार रुपए के ईनामी आरोपी के साथ उसके सहयोगी को भी पकड़ लिया गया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना शाहगढ़ पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहगढ़ के सामने स्टाफ नर्स की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पिछले चार माह से फरार चल रहे ईनामी मुख्य आरोपी सुशील चढ़ार तथा उसके सहयोगी सौरभ चढ़ार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद की गई है। गौरतलब है कि इस साल की 4 फरवरी को थाना शाहगढ़ क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने यहां पदस्थ स्टाफ नर्स दीपशिखा चढ़ार निवासी पाटन जिला जबलपुर की अज्ञात हमलावर द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के बाद शाहगढ़ सहित पूरे जिले में सनसनी फैल गई थी।




## पिस्टल देने वाला सह आरोपी भी गिरफ्तार

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। वैज्ञानिक साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण एवं लगातार की गई पतारसी के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतका का आरोपी सुशील चढ़ार निवासी ग्राम मुड़िया थाना पनागर जिला जबलपुर से पूर्व में प्रेम संबंध था परंतु मृतका एवं उसके परिजनों द्वारा विवाह से इंकार किए जाने के कारण आरोपी एकतरफा प्रेम में आक्रोशित हो गया और योजनाबद्ध तरीके से शाहगढ़ आकर घटना दिनांक को दीपशिखा चढ़ार की गोली मारकर हत्या कर फरार हो गया।

### चचेरा भाई भी निकला हत्या में सह आरोपी

मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु उप पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज द्वारा आरोपी पर 20 हजार रुपए का नगद ईनाम घोषित किया गया। थाना शाहगढ़ पुलिस द्वारा गठित दो विशेष टीमें लगातार जबलपुर एवं ग्राम मुड़िया क्षेत्र में सक्रिय रहीं। बीते दिवस मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी सुशील चढ़ार को ग्राम मुड़िया से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की गई। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त हथियार आरोपी के चचेरे भाई सौरभ चढ़ार द्वारा उपलब्ध कराया गया था। इसके आधार पर सौरभ चढ़ार को भी गिरफ्तार कर प्रकरण में आरोपी बनाया गया। मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 का भी इजाफा किया गया है।

बुधवार को एसपी अनुराग सुजानिया ने प्रेस कांफ्रेंस में आरोपियों की गिरफ्तारी का खुलासा किया। इस महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी शाहगढ़ उप निरीक्षक संदीप खरे, चौकी प्रभारी हीरापुर उप निरीक्षक अरविंद सिंह ठाकुर, चौकी प्रभारी बराज उप निरीक्षक सतेंद्र गुर्जर, प्रधान आरक्षक जानकी, आरक्षक दिनेश, दुर्गेश, लखन आदि कर्मी रहे। गौरतलब है कि शाहगढ़ के इस हत्याकांड के बाद शाहगढ़ में सनसनी फैल गई थी। मामले को लेकर जबरदस्त जन आक्रोश भी देखा गया था। इसके साथ ही, स्वास्थ्य महकमे ने भी इस हत्याकांड को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की और पुलिस से जल्द ही अंधे कत्ल के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की थी।

# कार सहित 315 पाव अवैध शराब जब्त, आरोपी को किया गिरफ्तार

### सुरखी पुलिस ने नाकाबंदी कर की कार्रवाई



**जागरण, सागर।** सुरखी पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कार सहित शराब जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पड़ताल की जा रही है कि अवैध शराब के कारोबार में और कितने लोग शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार थाना सुरखी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मकरोनिया की ओर से एक सफेद रंग की कार में अवैध रूप से शराब का परिवहन कर सुरखी थाना क्षेत्र में लाया जा रहा है। सूचना पर सुरखी पुलिस ने तत्काल ग्राम जसराज पठार में घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन किया सोनेट कार क्रमांक एमपी-15जेडपी-9116 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार में बॉम्बे स्पेशल व्हिस्की की 7 पेटी 60.3 लीटर अवैध शराब रखी मिली। कार चालक सोमेश कुर्मी पिता सुजान सिंह कुर्मी उम्र 30 वर्ष निवासी बाघराज वार्ड पंडापुरा को मौके से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से लगभग 40 हजार 200 रुपए मूल्य की 315 पाव अवैध शराब तथा लगभग 7 लाख रुपए मूल्य की सोनेट कार जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुरखी उप निरीक्षक सत्यव्रत धाकड़, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक प्रशांत रावत तथा आरक्षक कमलेश की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शाला भवन हुए जर्जर, मरम्मत की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जनकल्याण शिविर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दिया आवेदन**

**जागरण राहतगढ़।** ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भवूका बारी के ग्रामों में स्थित शाला भवन जर्जर हो गए हैं। इस संबंध में सरपंच तीरथसिंह लोधी ने जनपद पंचायत में आयोजित जनकल्याण शिविर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आवेदन देकर बताया कि पंचायत एवं संबंधित गांवों में स्थित शासकीय शाला भवन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं जिनकी मर मत किया जाना आवश्यक है। जिसमें बताया कि शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला ग्राम भवूका बारी बैंहटा अलीनगर एवं नादनवारा के शाला भवनों की स्थिति अतिजर्जर हो रही है। जिससे इस वर्ष नए सत्र में शाला भवनों में कक्षाएं संचालित होने की स्थिति नहीं है। उक्त जर्जर भवनों से छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों में भय की स्थिति बनी रहती है। जिस कारण गांव के मंगल भवन में कक्षाएं संचालित की जाती है। जानकारी के मुताबिक बीते वर्ष शाला भवनों की मर मत के लिए बजट आया था लेकिन उसका उपयोग नहीं किया गया। ग्रामवासियों ने शीघ्र शाला भवनों की मरम्मत कराए जाने की मांग प्रशासन से की है।

## तीर्थ यात्रियों का स्वागत



**जागरण, राहतगढ़।** नगर में तीर्थ यात्रा पर गये तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया गया। जिसमें 84 कोस की तीर्थ यात्रा पूर्ण करके नगर आगमन पर तीर्थ यात्रियों भगवानदास पंडा मुन्नालाल कुशवाहा लक्ष्मण पटेल बाबूलाल पटेल नत्थी बाई आदि का शाल श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मदनलाल कुशवाहा अध्यक्ष कुशवाहा समाज मोहनलाल कुशवाहा रामेश्वर पटेल नीतेश पटेल जितेंद्र पटेल महेंद्र कुशवाहा अरविंद कुशवाहा रवि पटेल प्रकाश पटेल मुकेश पटेल सहित अन्य समाज बंधु शामिल थे।

# खंडस्तरीय जनकल्याण शिविर आयोजित

### जन समस्याओं का किया जाए त्वरित निराकरण: मंत्री राजपूत



**जागरण, राहतगढ़।** प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सुरखी विधानसभा में जनसेवा का महाअभियान जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तथा भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। यह बात कैबिनेट मंत्री गोविंदसिंह राजपूत ने जनपद पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर में कही। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। नागरिकों ने राजस्व पंचायत स्वास्थ्य कृषि विद्युत सामाजिक न्याय महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं एवं मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भारत व प्रदेश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के मकान मिले हैं। आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना बनकर उभरी है जिसके माध्यम से गरीब परिवारों को निशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। उज्ज्वला योजना ने करोड़ों माताओं बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई है। शिविर में जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव पप्पू तिवारी रामकुमार यादव विनोद कपूर मंडल अध्यक्ष प्रियंक तिवारी सुरेंद्र रघुवंशी रामशरण राय जनपद अध्यक्ष मीना आदिवासी एसडीएम रोहित वर्मा सीईओ नीलेश मौर्य तहसीलदार निर्मलसिंह राठौर नायब तहसीलदार दिनेश असाटी राजकुमार शुक्ला कनिष्ठ अभियंता आशीष भालेकर एसडीओ देवेंद्र दुबे एपीओ विजय तिवारी बीपीओ मदनलाल अहिरवार डॉ नरेश साहू अभिषेक ठाकुर प्राचार्य आरके कपूर दिनेश राय उपयंत्री आकाश जैन महेश गौर सतीश चौबे आरके अहिरवार अनुज कुमार आरपी विश्वकर्मा नितिन श्रीवात्री सहित अन्य कार्यकर्ता अधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# फाइनेंस कंपनी में स्वयं को आग लगाने वाले युवक ने तोड़ा दम, गमगीन माहौल में अंत्येष्टि



**जागरण, सागर/ राहतगढ़।** मकरोनिया स्थित महिंद्रा फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में बीते दिनों खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले युवक ने भोपाल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। राहतगढ़ निवासी नीलेश कुमार जैन के रूप में हुई है। वह गंभीर रूप से झुलस गए थे और उनका इलाज भोपाल के एम्स अस्पताल में चल रहा था। मृतक के साले नीरज जैन ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे इलाज के दौरान नीलेश ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई की। बुधवार को भोपाल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जिसके बाद अंतिम संस्कार के लिए शव राहतगढ़ लाया गया। जानकारी के अनुसार नीलेश कुमार जैन ने महिंद्रा फाइनेंस से कार फाइनेंस कराई थी। कार की दो किस्तें बकाया होने पर कंपनी द्वारा वाहन जब्त कर लिया गया था। 12 जून को नीलेश कार वापस लेने के लिए मकरोनिया स्थित कंपनी कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान वाहन को लेकर कंपनी के कर्मचारियों से उनकी कहा सुनी हो गई। बताया जाता है कि विवाद के बीच नीलेश ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसे नीलेश को सागर के बाद उपचार के लिए भोपाल एम्स रेफर किया गया था। कई दिनों तक चले इलाज के बाद मंगलवार को उन्होंने आखिरी सांस ली। परिजनों ने कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के रिश्तेदार नीरज जैन का कहना है कि कार की केवल दो किस्तें बकाया थीं इसके बावजूद कंपनी ने वाहन जब्त कर लिया था। उनका आरोप है कि पिछले कई दिनों से कंपनी की ओर से लगातार दबाव बनाया जा रहा था और घर पर भी लोग भेजे जा रहे थे। परिजनों का दावा है कि बकाया राशि जमा कराने के बाद भी वाहन वापस नहीं किया गया। जिससे नीलेश मानसिक रूप से परेशान थे और कार्यालय में हुए विवाद के बाद उन्होंने यह गंभीर कदम उठा लिया। बुधवार की दोपहर राहतगढ़ में गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया और लोगों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी।

## 18 जून तक होंगे जनकल्याण शिविर

**जागरण, सागर।** आम लोगों की समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार जिले में 12 जून से 18 जून तक 3 दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया रहा है। शिविरों में विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित तथा आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार 17 जून को देवरी जनपद पंचायत देवरी, नपा देवरी, केसली जनपद पंचायत केसली, राहतगढ़ जनपद पंचायत राहतगढ़, नगर परिषद राहतगढ़, जैसीनगर जनपद पंचायत जैसीनगर, सुरखी नगर परिषद सुरखी, बिलहरा नगर परिषद बिलहरा सहित अन्य स्थानों पर यह शिविर होना है। शिविरों को लेकर लोगों में उत्साह है।

# मंदिरों में हुई लगातार चोरी की वारदातों का खुलासा




**जागरण, सागर।** पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। मोतीनगर पुलिस की गठित विशेष टीम ने थाना क्षेत्र में हुई दो मंदिर चोरियों का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया लगभग 80 हजार रुपए मूल्य का धार्मिक सामान बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि थाना मोतीनगर क्षेत्रांतर्गत मंगलगिरी जैन तीर्थ स्थल स्थित चंद्रप्रभु मंदिर से अज्ञात आरोपी द्वारा 23 पीतल के छत्र जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 60 हजार रुपए थी, चोरी कर लिए गए थे। इसी प्रकार माता खेरापति कोरी समाज मंदिर काकागंज से लड्डू गोपाल की मूर्ति, पूजन सामग्री में उपयोग होने वाले पीतल के बर्तन, चांदी के धागे में बंधा झूमर एवं पीतल की घंटी सहित लगभग 20 हजार रुपए मूल्य का धार्मिक सामान चोरी कर लिया गया था।

दोनों घटनाओं के संबंध में थाना मोतीनगर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा सक्रिय मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण तथा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संदेही ऋषि पिता स्वर्गीय जमना प्रसाद सेन उम्र 45 वर्ष निवासी पंतनगर वार्ड को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की दोनों घटनाओं को स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से लगभग 80 हजार रुपए मूल्य का चोरी गया धार्मिक सामान बरामद किया गया। इसके बाद आरोपी को गिरतार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

**CHANGE OF NAME**

I, SMT RAJANIBAI ARMAJA IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO-4579584W, RANK-HAV, NAME-OM PRAKASH PUNORAY ,HOME ADDRESS-KRISHNA NAGAR COLONY, POST-MAKRONIA TEHSIL-SAGAR, DIST.-SAGAR, STATE-M.P., PIN CODE-470004, HAVE CHANGED MY NAME FROM SMT RAJANIBAI ARMAJA TO RAJNI DEVI VIDE AFFIDAVIT DATED 17/06/2026 BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, KUMARI SAKSHI, IS DAUGHTER OF ARMY NO-4579584W, RANK-HAV, NAME-OM PRAKASH PUNORAY, HOME ADDRESS-KRISHNA NAGAR COLONY, POST-MAKRONIA TEHSIL-SAGAR, DIST.-SAGAR, STATE-M.P., PIN CODE-470004, HAVE CHANGED MY NAME FROM KUMARI SAKSHI TO SAKSHI PUNORAY VIDE AFFIDAVIT DATED 17/06/2026 BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, SATIN KUMAR, IS SON OF ARMY NO-4579584W, RANK-HAV, NAME-OM PRAKASH PUNORAY ,HOME ADDRESS-KRISHNA NAGAR COLONY, POST-MAKRONIA TEHSIL-SAGAR, DIST.-SAGAR, STATE-M.P., PIN CODE-470004, HAVE CHANGED MY NAME FROM SATIN KUMAR TO SATIN PUNORAY VIDE AFFIDAVIT DATED 17/06/2026 BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**लोकार्पण**

### ग्राम सीहोरा में वीर शिरोमणि की भव्य प्रतिमा का अनावरण

# महाराणा प्रताप ने कभी स्वीकार नहीं की पराधीनता : मंत्री राजपूत

**जागरण, सागर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में कभी हार नहीं मानी। अपनी मातृभूमि और स्वाभिमान की रक्षा ही उनके लिए सर्वोपरि थी इसलिए उन्होंने कभी पराधीनता स्वीकार नहीं की।

सुरखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सीहोरा में वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण बुधवार को मध्यप्रदेश शासन के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किया। इस मौके पर उन्होंने उक्त उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत सहित क्षत्रिय समाज के सम्मेलन में जिलेभर से बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं जिन्होंने मातृभूमि और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष का मार्ग अपनाया किंतु कभी पराधीनता स्वीकार नहीं की। उनका जीवन आज भी राष्ट्रभक्ति, साहस और आत्मस मान की प्रेरणा देता है।



मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सीहोरा में स्थापित यह भव्य प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्थल सिद्ध होगी। यह प्रतिमा युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का बोध कराएगी तथा समाज को एकता और समरसता के सूत्र में बांधने का कार्य करेगी। इस अवसर पर उन्होंने सीहोरा में 25 लाख रुपये की लागत से मंगल भवन निर्माण की घोषणा भी की।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संदेश देता है कि सम्मान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में संघर्ष करना चाहिए। आज आवश्यकता इस बात की है कि नई पीढ़ी महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाए। कार्यक्रम में समाज की गौरवशाली परंपराओं, शौर्य एवं राष्ट्र निर्माण में क्षत्रिय समाज के योगदान को भी स्मरण किया गया। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में एकता एवं सद्भाव को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय के साथ बाहर से आए समाजजन उपस्थित थे।

# भिलैया में पौधरोपण प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

### आवश्यक सावधानियों की दी जानकारी



**जागरण, सागर।** वन परिक्षेत्र सागर अंतर्गत बीट भिलैया में को पौधारोपण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वनमण्डल अधिकारी दक्षिण सागर वरुण यादव एवं उपवनमण्डल अधिकारी दक्षिण सागर विनीता जाटव ने पौधारोपण संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान श्री यादव ने वृक्षारोपण के समय बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी तथा स्थानीय समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों से अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वन विभाग वृक्षारोपण गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा आंवला, हर्रा, बहेड़ा, बेल सहित अन्य फलदार एवं उपयोगी प्रजातियों के पौधे रोपित किए जा रहे हैं जिससे भविष्य में ग्रामीणों की आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी सागर लखन सिंह ठाकुर सहित सागर, ढाना एवं गढ़ाकोटा का वन अमला उपस्थित रहा। वहीं जनप्रतिनिधियों में गुरैया के सरपंच अजब सिंह राजपूत तथा ग्राम बिहारीखेड़ा के सरपंच दयाराम कुर्मी मौजूद थे।

## न्यूज कार्नर

### हर्षोल्लास के साथ मनाई महाराणा प्रताप जयंती



**दमोह।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारायोगीराज शक्तिपुत्र महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन के बैनर तले 15वीं शताब्दी के महानायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। जबलपुर नाका स्थित महारा प्रताप की प्रतिमा के पास भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा माता आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा की दिव्यता की आरती संपन्न की गई जिसमें सैकड़ो लोगों ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित किया। उसके बाद संगठन के पदाधिकारी द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को माल्यार्पण किया। जिसमें समाज के लोगों की बड़ी उपस्थिति रही भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने समाज को एकता का संदेश देते हुए कहा कि देश के वीर सपूतों की जयंती मां जगत जननी जगदंबा की दिव्यता की आरती के साथ माननी चाहिए न की वीर पुरुषों को एक विशेष समाज से जोड़कर उनकी जयंती को नहीं मानना चाहिए क्योंकि जितने भी महापुरुष हुए हैं।

उन्होंने धर्म राष्ट्र मानवता सेवा के लिए काम किया है सभी वर्गों को सभी वीर सपूतों की जयंती को बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाना चाहिए जिसका एक संदेश आज भगवती मानव कल्याण संगठन ने दमोह में महाराणा प्रताप की जयंती मना करके दिया।

### सम्मेलन आज

**दमोह।** प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण के 12 गौरवशाली वर्षों की उपलब्धियों एवं विकसित भारत के संकल्प को जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रबुद्ध वर्ग एवं व्यापारी सम्मेलन का आयोजन 18 जून को सायं 5:30 बजे पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम दमोह में आयोजित होगा।

# घर के कमरे में फंदे से लटका मिला युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

**जागरण हटा।** गैसाबाद थाना क्षेत्र के राम तलैया गांव में बुधवार सुबह एक 20 वर्षीय युवती का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को उपचार के लिए हटा सिविल अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान निशा सिंह 20 वर्ष पिता महीपाल सिंह राजगोड़ निवासी राम तलैया के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे।

बुधवार सुबह करीब 5 बजे जब परिजन युवती के कमरे में पहुंचे तो वह पंखे से लटकी हुई मिली। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की तथा युवती को अस्पताल पहुंचाया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के बड़े भाई दुर्गेश सिंह राजगोड़ ने बताया



कि परिवार को घटना के कारणों की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी बहन ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। पुलिस ने जांच के लिए युवती का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है तथा परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। गैसाबाद थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### पैसे नहीं देने पर चाट दुकानदार से मारपीट

**दमोह।** धरमपुरा बाईपास पर चाट दुकानदार से हफ्ता वसूली की मांग करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में दो लोग दुकानदार से पैसों की मांग कर रहे हैं पैसे न देने पर दुकानदार के साथ मारपीट भी की गई बताया गया है कि योगेश नाम के युवक से दो लोग पैसों की मांग कर रहे थे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच के बाद भी हुआ, जिसका वीडियो वायरल हुआ पुलिस ने युवक की रिपोर्ट पर दोनों ही आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है।

## पल्स पोलियो अभियान पर बीटीएफ की अंतरविभागीय बैठक संपन्न



**जागरण दमोह।** आगामी राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस एनआईडी पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी तेन्दूखेड़ा की ब्लॉक टास्क फोर्स, बीटीएफ की महत्वपूर्ण अंतरविभागीय बैठक मंगलवार 16 जून को एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम द्वारा की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि अभियान के दौरान क्षेत्र का कोई भी बच्चा पोलियो रोधी दवा पीने से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए सभी विभाग मिलकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। बैठक में जानकारी दी गई कि पल्स पोलियो अभियान 28, 29 जून एवं 30 जून को संचालित किया जाएगा। तीन दिवसीय अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। इस दौरान अभियान की पूर्व तैयारियों, माइक्रोप्लान, बूथ व्यवस्था, टीम गठन एवं क्षेत्रवार जिम्मेदारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी साझा किए। बैठक में विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनएसपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

## राठौर 11 के खिलाफ आठ ओवर में निर्धारित लक्ष्य हासिल कर जीएस क्लब बना चैंपियन

**जागरण हटा।** नगर में क्रिकेट प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने एनएसपीएल नीलेश सराफ प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार देर रात समापन हुआ। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले और संभाग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट में करीब 350 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया था जिनमें से 16 टीम मालिकों ने अपनी-अपनी 15 सदस्यीय टीमों का गठन किया। प्रत्येक टीम में दमोह जिले के 13 तथा सागर संभाग के 2 खिलाड़ियों को शामिल किया गया। लीग चरण में सभी टीमों ने तीन-तीन मुकाबले खेलेए जिसके बाद अंक तालिका के आधार पर शीर्ष आठ टीमों ने सुपर 8 चरण में प्रवेश किया।

रोमांचक मुकाबलों के बाद जीएस क्लब और राठौर 11 ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में राठौर 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 82 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएस क्लब की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 83 रन बना लिए और एनएसपीएल 2026 की चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अंशु परदेसी सागर को शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया और उन्हें आई फोन 12 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। वहीं राजा चक्रवर्ती ;दमोहद्ध को बेस्ट बल्लेबाज तथा हनी जैन सागर को बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार मिला। विजेता टीम जी एस क्लब को पचहत्तर हजार नगद राशि एवं ट्रॉफी जबकि उपविजेता राठौर 11 को नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, थाना प्रभारी सुधीर वेगी, आशीष पुरानी, देवेंद्र राय, सुनील राय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश सराफ ने की। टूर्नामेंट के संयोजक निलेश सराफ रहे। आयोजन को सफल बनाने में अतुल विदुआ, शुभम शर्मा, सोनू मिश्रा, अनिल पुरानी, शुभम बाबू, अंकु परिहार, कुलदीप राजपूत एवं ओमकार नामदेव सहित पूरी आयोजन समिति और एनएस क्लब के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय व्यापारियों एवं संस्थानों का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा। समिति ने सभी प्रायोजकों और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की उपस्थिति ने आयोजन को उत्सव का स्वरूप प्रदान किया। आयोजन समिति ने भविष्य में और भी बड़े स्तर पर एनएसपीएल के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

### उत्साह के साथ मनाई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती

## करणी सेना ने निकाली बाइक रैली एवं प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**जागरण दमोह।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर करणी सेना परिवार जिला दमोह टीम जीवन सिंह शेरपुर द्वारा ऐतिहासिक कार्यकम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशाल बाइक रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे नगर में राष्ट्रभक्ति एवं वीरता का संदेश दिया। रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई निकलीए जहां



जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। हाथों में भगवा ध्वज लिए युवाओं ने जय महाराणा प्रताप एवं जय मां करणी के जयघोष के साथ वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। इसके पश्चात मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि योगेंद्र सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि मोनू पाठक, मनु मिश्रा, दीपक चौहान जबलपुर जिला अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना एवं समाज में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना रहा। इस आयोजन में नितिन सिंह तोमर कार्यक्रम संयोजक एवं जिला अध्यक्ष दमोह, निहाल राजपूत सागर संभाग महामंत्री, कपिल राजपूत, दिग्विजय राजपूत, सागर राजपूत, देवेंद्र राजपूत, मोनू, विक्की, संतोष तोमर, आकाश राजपूत, भागीरथ, केशव, प्रकाश राजपूत, सर्व समाज की उपस्थिति रही जिसमें विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं आमजन शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, शिक्षा और समाज सेवा का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया। करणी सेना परिवार दमोह टीम जीवन सिंह शेरपुर की ओर से सभी सहयोगियों, अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर बीना रिफायनरी अस्पताल में 88 यूनिट रक्त एकत्रित



**बीना जागरण।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बीना रिफायनरी अस्पताल में मंगलवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 88 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा के इस अभियान में सहभागिता निभाई। रक्तदाताओं को स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीपीसीएल बीना रिफायनरी के सीजीएम (ऑपरेशंस) के.श्रीधर एवं डीजीएम (एचआर) के.पी. मिश्रा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके योगदान की सराहना की। के. श्रीधर ने कहा कि बीना रिफायनरी अस्पताल द्वारा पिछले कई वर्षों से विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें रिफायनरी और आसपास के क्षेत्रों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। वहीं के.पी. मिश्रा ने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है और रक्त के अभाव में किसी भी व्यक्ति की जान न जाए, इसके लिए सभी को आगे आना चाहिए। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.ए.के. दीक्षित ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्त की आवश्यकता और उसके महत्व को वही व्यक्ति समझ सकता है जिसने अपने किसी प्रियजन को रक्त के अभाव में खोया हो। उन्होंने कहा कि रक्तदान से मिलने वाली आत्मिक संतुष्टि लोगों को बार-बार इस कार्य के लिए प्रेरित करती है। विदिशा ब्लड बैंक के ब्लड बैंक अधिकारी डॉ.राजेंद्र कुशवाहा ने रक्तदान के स्वास्थ्य संबंधी लाभों और इसकी उपयोगिता की जानकारी दी। ब्लड स्टोरेज इंचार्ज एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ.प्रगति शर्मा ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि शिविर में कुल 88 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

## बीना में 1.4 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार सेवा निवृत्त आरक्षक भी निकला आरोपी

**बीना जागरण।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आदतन आरोपियों को 1.405 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से गांजा और एक मोटरसाइकिल समेत करीब दो लाख रुपये की सामग्री जब्त की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में एक सेवानिवृत्त पुलिस आरक्षक भी शामिल है, जो पूर्व में भी गांजा तस्करी के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन में जिले में प्रो-एक्टिव पुलिसिंग के तहत अपराधों की रोकथाम और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं एसडीओपी अजय सनकत के मार्गदर्शन में थाना बीना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार देर रात शब्दा पुलिया के पास घेराबंदी कर कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि सफेद रंग की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 15 एनसी 2094 से दो व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री के उद्देश्य से आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम गोकल अहिरवार आयु



40 वर्ष निवासी ग्राम रगोली थाना सानौधा तथा हीरालाल अहिरवार आयु 66 वर्ष निवासी भीम वार्ड बीना बताए। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल की डिक्की से 1 किलो 405 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 1.40 लाख रुपये बताई गई है। साथ ही करीब 60 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**दोनों आरोपी हैं आदतन अपराधी**

पुलिस के अनुसार गोकल अहिरवार के खिलाफ सानौधा और मोतीनगर थानों में पूर्व से एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज हैं। वहीं हीरालाल अहिरवार के खिलाफ बीना और सागर कैंट थाने में गांजा तस्करी समेत अन्य अपराधों के मामले दर्ज हैं। हीरालाल जीआरपी में आरक्षक के पद से सेवानिवृत्त हो चुका है और वर्तमान में गांजा तस्करी में संलिप्त पाया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद गांजा कहां से लाया गया था और इसके पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

**सराहनीय भूमिका**

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप यादव, उपनिरीक्षक निशांत भगत, प्रधान आरक्षक गजेंद्र मिश्रा सहित दीप सिंह भदौरिया, जितेंद्र चंद्रवंशी, युधिष्ठिर रजक, संदीप यादव, बाबूलाल, राहुल सोलंकी, भूपेंद्र परिहार, रामाश्रय पांडे और दिनेश राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महाराणा प्रताप स्वाभिमान, शौर्य एवं साहस के प्रतीक थे : दशरथ लाल पुरोहित



**बीना जागरण।** अथक पथ संग्रहालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों के प्रथम दिवस में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं महाराजा छत्रसाल को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम में महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा एवं महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धर्माधिकारी दशरथ लाल पुरोहित ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे शौर्य, साहस और स्वाभिमान के साकार प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की महानता के पीछे उनकी माता का महत्वपूर्ण योगदान था, जिन्होंने बचपन से ही उन्हें वीरता और राष्ट्रभक्ति के संस्कार दिए। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप ने घास की रोटियां खाना स्वीकार किया, लेकिन पराधीनता कभी स्वीकार नहीं की। उनके रोम-रोम में स्वाभिमान बसता था और उनकी वीरता से मुगल सेना भी भयभीत रहती थी। इस अवसर पर सीताराम चौरसिया ने महाराणा प्रताप पर आधारित अपनी रचना का पाठ किया। वहीं रितिका तिवारी, मैंकल रिछारिया, तान्या पाठक, अर्थ सेन, विशाल कुशवाहा, जयदीप राजपूत, सत्यम राजपूत, निवेदिता रावत, हार्दिक रावत और हरी शर्मा ने बुंदेली गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। कार्यक्रम में मंडीबामोरा सरपंच दामोदर राय, समाजसेवी राजीव अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मदन राजपूत, बीटू राजपूत तथा आयोजक राम शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा दादाभाई चौबे, छोटू राजपूत, प्रवीण शर्मा, जगदीश पाराशर, शशिनंदन रावत, अर्पित चौबे, घनश्याम पटेरिया, प्राची जैन, रीना पटेल, पूर्वी ठाकुर, पूजा मुद्गल, खुशी राजोरिया और आरती कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ससुर को चाकू दिखाकर लूटा, खाते से उड़ाए पांच लाख रुपए, बहू का साथी गिरफ्तार



**बीना जागरण।** हड़कारी गांव में साढ़े तीन महीने पहले एक बुजुर्ग के साथ हुई लूट, धोखाधड़ी और बैंक खाते से पांच लाख रुपये निकालने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बुजुर्ग की विधवा बहू के पुरुष मित्र को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मामले की मुख्य आरोपित बहू अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि हड़कारी निवासी चतुर्भुज रैकवार ने 14 जून को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 6 मार्च 2026 को उनकी विधवा बहू सुनीता रैकवार अपने मित्र माखन पवार के साथ घर आई थी। दोनों ने उनसे मोबाइल फोन, पहचान पत्र और 20 हजार रुपये नकद मांगे। कारण पूछने पर माखन ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। भय के कारण उन्होंने मोबाइल, दस्तावेज और नकदी आरोपितों को सौंप दी। पीड़ित ने बताया कि आरोपितों ने किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसी डर से उन्होंने लंबे समय तक किसी को घटना के बारे में नहीं बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपितों ने मोबाइल और दस्तावेजों का उपयोग कर बुजुर्ग के बैंक खाते से जुड़ी जानकारी हासिल कर ली। मोबाइल के जरिए यूपीआई पिन जनरेट कर खाते से जुड़े ओटीपी अपने नियंत्रण में ले लिए और बाद में खाते से पांच लाख रुपये अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिए। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने माखन पवार आयु 40 वर्ष निवासी गंजबासौदा जिला विदिशा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से पांच हजार रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल, वारदात में प्रयुक्त चाकू तथा फरियादी के दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार मामले की मुख्य आरोपित सुनीता रैकवार अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## 55 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला, शिनाख्त करने में जुटी पुलिस

### स्थानीय लोगों ने नशे की हालत में देखा था सुबह

**जागरण, हरदा।** जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हवेली होटल इलाके में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब आरा मशीन के पास एक अज्ञात बुजुर्ग का शव लावारिस हालत में पड़ा मिला। राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों की नजर जब शव पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस सहायता नंबर डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को दोपहर में सूचना मिली थी कि हवेली होटल के पास आरा मशीन के नजदीक एक व्यक्ति संदिग्ध और अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में आसपास के रहवासियों और चश्मदीदों ने एक बड़ा खुलासा किया। लोगों ने बताया कि उक्त बुजुर्ग मंगलवार रात से ही इस पूरे इलाके में संदिग्ध रूप से घूमता



हुआ देखा गया था। बुधवार सुबह करीब 10.00 बजे भी स्थानीय लोगों ने उसे अत्यधिक नशे की हालत में वहां देखा था। कुछ देर बाद जब वह जमीन पर अचेत होकर गिर गया, तो आसपास के दुकानदारों ने उसे धूप से बचाने और होश में लाने के लिए उसके चेहरे पर पानी के छीटें भी डाले। काफी प्रयासों के बाद भी जब बुजुर्ग के शरीर में कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, तब लोगों को अनहोनी की आशंका हुई और तत्काल पुलिस को अवगत कराया गया। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रोशनलाल भारती ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया और उसे पोस्टमार्टम व शिनाख्त के लिए जिला अस्पताल के मर्चुरी भिजवा दिया है। टीआई भारती के अनुसार मृतक के पास से फिलहाल ऐसा कोई दस्तावेज या आईडी कार्ड नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके।

## कांग्रेस प्रत्याशी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना अलोकतांत्रिक: टाले

### राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**जागरण, हरदा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की जिला अध्यक्ष नमिता पिपार्दे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने कहा कि राज्यसभा चुनाव 2026 के लिए मध्य प्रदेश से कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने की घटना ने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। यह जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 36 के अनुसार नामांकन पत्र केवल निर्धारित एवं वैधानिक आधारों पर ही निरस्त किया जा सकता है। साथ ही धारा 36/4 में स्पष्ट प्रावधान है कि किसी नामांकन पत्र को ऐसे दोष के आधार पर निरस्त नहीं किया जा सकता जो महत्वपूर्ण प्रकृति का न हो। निर्वाचन आयोग की रिटर्निंग ऑफिसर हैंडबुक 2023 में भी यह निर्देशित किया गया है कि संदेह की स्थिति में उम्मीदवार को लाभ दिया जाना चाहिए तथा केवल शपथपत्र में कथित गलत जानकारी के आधार पर नामांकन अस्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन एक निजी शिकायत से संबंधित जानकारी के प्रकटीकरण न करने के आधार पर निरस्त किया गया। यदि यह तथ्य सही है, तो यह जांच का विषय है कि क्या रिटर्निंग अधिकारी द्वारा वैधानिक प्रावधानों, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का समुचित पालन किया था।

### यह की मांग

इस मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाए। नामांकन निरस्तीकरण की प्रक्रिया में अपनाई गई कार्यवाही एवं आधारों की समीक्षा कराई जाए। यदि किसी प्रकार की प्रक्रिया संबंधी त्रुटि या नियमों का उल्लंघन पाया जाए तो सक्षम प्राधिकारी को आवश्यक अनुशंसा भेजी जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएँ। ज्ञापन सौंपते समय क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर रामकिशोर दोगने, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले, प्रमिला सिंह ठाकुर, सुप्रिया पटेल, रानू पटेल, सोनम पाल, रविशंकर शर्मा, गोविंद व्यास, सुरेन्द्र बिश्नोई, सूरज सिंह राजपूत, आशुतोष कोठारी, राघवेंद्र पारे उपस्थित थे।

## न्यूज कार्नर

### खरीफ फसल का सीजन आते ही बीज भण्डारों से बिकने लगा नकली बीज एवं घटिया दवाई

**जागरण,छतरपुर** । जैसे ही जून का महीना समाप्ति की ओर होता है वैसे ही खरीफ फसलों की बुवाई का सीजन आ जाता है खरीफ फसलों की बुवाई के लिए किसान को तरह तरह के बीज की आवश्यकता है और इस बीज को प्राप्त करने के लिए किसान को बीज भण्डारों का सहारा लेना पड़ता है लेकिन देखा जा रहा है कि बीज भण्डारों में भारी मात्रा में बीज और दबाई का संग्रह किया गया है लेकिन इस बीज में कई बीज नकली किस्म के होते हैं। साथ ही कीटनाशक दबाएं भी घटिया स्तर की बेंची जाती हैं। जिससे कई बार किसान ठगी का शिकार हो जाता है और उनकी फसलें भी नष्ट हो जाती है चूंकि किसान को बीज भण्डारों द्वारा किसी प्रकार का पक्का बिल नहीं दिया जाता है जिससे किसान कोई शिकायत या दावा नहीं कर सकता। इन दिनों तो किसान को सादे कागज में दबा या बीज का नाम लिखकर पैसों का टोटल कर दे दिया जाता है और यह कह दिया जाता है कि कम्प्यूटर का बिल बाद में मिलेगा लेकिन बाद में किसान कम्प्यूटर का बिल पाने के लिए चक्कर ही लगाता रहता है। शहर में दो बड़े बीज भण्डारों के अलावा सैकड़ों जगह छोटी-छोटी दुकानें खुली हुई हैं यह छोटे दुकानदार भी बड़े दुकानदारों से बीज व दबाएं खरीदते हैं। बीज की खरीददारी शुरू होने के पहले कृषि विभाग को बीज भण्डार के सभी किस्म के बीजों की जांच सेम्पल के लिए भेजना चाहिए थी ताकि यह पता चल सकता कि कौन बीज उपयोगी है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर कार्ययोजना तैयार

**जागरण,छतरपुर।** माह मई की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जोगिंदर तिराहा के चौड़ीकरण एवं पेट्रोल पंप के पीछे से नए मार्ग को फब्बारा चौक से जोडऩे का प्रस्ताव रखा गया था। उक्त प्रस्ताव के क्रियान्वयन के संबंध में आज यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्ययोजना तैयार की गई। योजना के अंतर्गत जोगिंदर तिराहा से फब्बारा चौक तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा।

## नया शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले छात्रों के हो रहे प्रवेश

# नया शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले सजने लगे छात्रावास,न कोई मान्यता,न कोई अनुमति

**जागरण,छतरपुर** । अभी नया शिक्षा सत्र शुरू होने में समय बाकी है लेकिन इसके पहले ही छतरपुर शहर तथा तहसील मुख्यालयों पर नये-नये नामों से छात्रावास खुलने लगे हैं। इन छात्रावासों को अच्छे तरीके से सजाया गया है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चे का एडमिशन कराने के लिए आकर्षित हो सके। भारी-भरकम फीस के साथ इन छात्रावासों में न तो कोई मान्यता, न कोई अनुमति है, न कोई सुरक्षा के साधन है फिर भी छात्रावास संचालक किराये की बिल्डिंग लेकर अपनी दुकान संचालित करने में लगे हुए हैं। जिले के शिक्षा विभाग में बैठे अधिकारी इतने अधिक लापरवाह नजर आ रहे हैं उन्हें इन छात्रावासों के संबंध में न तो कोई जानकारी है और न ही इन छात्रावासों के संबंध में कोई रूचि है, जबकि यह सभी छात्रावास अवैध रूप से संचालित होकर बच्चों का शोषण करते हैं। और अभिभावकों से मोटी रकम लेते हैं। चूंकि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था बहुत ही दयनीय है इसलिए वहां के लोग अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए जिला मुख्यालय व तहसील मुख्यालय भेजते हैं। और ऐसे ग्रामीण इन छात्रावासों का शिकार भी हो जाते हैं। शहर में दो मंजिला किराये की बिल्डिंग लेकर दो दर्जन से भी अधिक छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इनकी कोई जानकारी नहीं है।

**भोजन के नाम पर होता शोषण**

इन छात्रावासों में छात्रों के अभिभावकों से 60 हजार से लेकर 80 हजार रूपये बसूले जाते हैं लेकिन भोजन के नाम पर बच्चों का शोषण होता है उन्हें कोई पोष्टिक आहार नहीं दिया जाता सिर्फ पेट भरा जाता है। जबकि छात्रावासों में भोजन का जो मेनू लगा रखा गया है उसमें हर दिन अलग-अलग भोजन देना लिखा गया है। लेकिन भोजन के नाम पर बच्चों दाल व सब्जी के साथ पानी दिया जाता है। लेकिन पेट भरने के लिए बच्चे मजबूरी में खाते हैं।

**नहीं सुरक्षा के कोई साधन**

छात्रावासों में रहने वाले बच्चों के लिए सुरक्षा के कोई साधन नहीं हैं। 2 हजार रूपये में एक वार्डन की नियुक्ति कर दी जाती है जबकि छात्रावास में मेडिकल किट के साथ-साथ अग्निशमन यंत्र भी होना चाहिए। लेकिन ऐसी कोई व्यवस्थाएं नहीं हैं। सिर्फ पैसे लूटने के लिए भगवान भरोसे यह छात्रावास चल रहे हैं। अधिकारी भी चुप्पी साधे रहते हैं, जबकि चर्चाएं हैं कि छात्रावासों के संचालक अधिकारियों तक सुविधा शुल्क पहुंचाते हैं। यह बात छात्रावासों के संचालकों द्वारा ही कही जा रही है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस ओर कितनी जल्दी ध्यान देता है।

**इनका कहना**

हमें भी जानकारी मिली है कि शहर में अवैध रूप से कुछ छात्रावास खुल रहे हैं पूर्व में भी एसडीएम के निर्देश पर छात्रावासों की जांच हुई थी अब फिर से एक टीम बनाकर छात्रावासों की जांच कराई जायेगी। क्योंकि शिक्षा विभाग की ओर से कोई अनुमति छात्रावास को नहीं दी जाती है। जांच में अवैध पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

**अरूण शंकर पांडे,**
**डीपीसी,छतरपुर**

### अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही जंगल में मिली 8 पेटी

**जागरण,बकस्वाहा** । थाना बक्सवाहा पुलिस को विगत दिवस क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम मांदपुर अंतर्गत अवैध शराब तस्करी संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान क्रेशर के पास जंगल में पहुंची। संदिग्ध बोरी को चेक करने पर अवैध शराब पाई गई। 8 पेटी, मात्रा 72 लीटर अवैध शराब कीमत करीब 40 हज़ार रुपये जप्त की गई। अवैध शराब तस्करी में संलिप्त फरार आरोपी के विरुद्ध थाना बक्सवाहा में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। फरार आरोपी की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बक्सवाहा निरीक्षक जितेंद्र वर्मा, उप निरीक्षक अवधेश द्विवेदी, प्रधान आरक्षक मुकेश, आरक्षक राजेंद्र यादव, राजकुमार सेन, संजय लोधी की भूमिका रही।

## देश के 143 जिलों में रात सवा 8 बजे फिर एक साथ गूंजा श्री हनुमान चालीसा



**जागरण,छतरपुर।** पूरी दुनिया में सनातन का ध्वज फहराने वाले सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम के पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भारत को हिंदू राष्ट्र और गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने का संकल्प लिया है। महाराज श्री के इन्हीं संकल्पों की सिद्धि के लिए देश भर में हर मंगलवार ठीक रात 8:15 बजे एक साथ पांच से साथ हनुमान चालीसा पाठ किये जा रहे हैं। ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर देश भर के शिष्य मंडल इस अभियान के भागीदार बन रहे हैं। राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत मंगलवार रात 8:15 बजे देश के 143 जिलों में एक साथ श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसी क्रम में छतरपुर शहर के बजरंग नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर भक्ति और श्रद्धा का परिचय दिया। आयोजन के संबंध में राजेंद्र अवस्थी एवं पवन मिश्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में आधा सैकड़ा से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर देश की सुख-समृद्धि, सामाजिक एकता एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण की कामना की। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और जय श्रीराम तथा जय बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे।

हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के पश्चात भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों एवं श्रद्धालुओं ने सुंदर भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। भजनों के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। उन्होंने बताया कि यह अभियान देशभर में निरंतर चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य लोगों में धार्मिक जागरूकता, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। इस अवसर पर देवनाथ पाठक, कमल अवस्थी, शैलेंद्र तिवारी मिंटू, अभिलाष पटेल, आशीष खरे, दया शंकर चतुर्वेदी, मोनू रावत, प्रिंस साहू, विकास सेन, मयंक त्रिपाठी के अलावा बड़ी संख्या में आसपास के लोग उपस्थित रहे।

## टीईटी के विरोध में शिक्षक हुए लामबंद, आज सौंपेंगे ज्ञापन

**जागरण,छतरपुर।** म प्र शिक्षक संघ जिला इकाई छतरपुर की विशेष बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष व वर्तमान जिला संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राजावत ने की। बैठक का मुख्य मुद्दा टीईटी के विरोध में शिक्षकों को म प्र शिक्षक संघ के नेतृत्व में एक जुट करना था। ज्ञात हो कि विगत 29 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा दायर की गई पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी गई थी। जिस से देश भर के शिक्षकों में भारी निराशा और अनिश्चय का माहौल बना हुआ है। उक्त निर्णय के विरुद्ध अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आव्हान पर देश भर के शिक्षक दिनांक 18 जून के देश के सभी जिला मुख्यालयों पर एकत्रित होकर स्थानीय कलेक्टर के माध्यम से प्रधान मंत्री, शिक्षा मंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री, और शिक्षा मंत्री राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला संगठन मंत्री, जिला इकाई अध्यक्ष आनंद कुमार अरजरिया, जिला सचिव राजकिशोर त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आकाश सोनी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम सोनी व नगर इकाई अध्यक्ष राकेश शुक्ला ने सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या ज्ञापन में सम्मिलित होने का आव्हान किया। बैठक में जिला इकाई, छतरपुर, तहसील, ब्लॉक व नगर इकाई छतरपुर के समस्त पदाधिकारियों सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## नई विचारधाराओं को लेकर सम्यक पार्टी ने किया शंखनाद

**जागरण,छतरपुर।** ना वंशवाद ना जातिवाद ,सम्यक पार्टी जिंदाबाद। इस नारे के साथ सम्यक पार्टी मैदान पर उतरी है, 15 जून को सागर रोड स्थित होटल रॉयल पैलेस में सम्यक पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एकत्रित हुई जहां पर जनता की शिक्षा, इलाज,उद्योग धंधे ,गांव की हालत, गरीब किसान ,मजदूर ,छात्र, युवा कारीगर ,महिलाएं आदि सभी विषयों पर चर्चा की गई । और बताया गया कि आम जनता के 95 प्रतिशत से ज्यादा लोग शहरों में गंदी बस्तियों में रहते हैं, जहां शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी सुरक्षा की बुनियादी सुविधाओं का अभाव है ,एक तरफ गरीबी ,शिक्षा, बेरोजगारी और लाचारी बढ़ रही है ,वहीं दूसरी तरफ सत्ता में बैठे लोग जनता की कमाई से बनी सरकारी संस्थाओं को पूंजीपतियों के हाथ ओने पौने दामों में बेच रहे हैं ,निजीकरण के कारण आरक्षण खत्म हो रहा है और नौकरियां ठेका और आउटसोर्सिंग के माध्यम से निर्धारित की जा रही है । बैंकों से बेरोजगार किसान छोटे व्यापारी और कारीगरों को छोटी-छोटी पूंजी उपलब्ध नहीं हो रही है । किंतु बड़े-



बड़े पूंजीपतियों का करोड़ो रूपया का कर्ज माफ किया जा रहा है ,इस तरह की तमाम मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में चर्चा हुई और निम्न बिंदुओं पर सहमति बनी जिसमें पार्टी के सत्ता में आने पर सरकार के मुखिया के रूप में एक ही जाति या व्यक्ति को नहीं दोहराया जाएगा। कक्षा 12वीं तक सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण निशुल्क और समान शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी ,उच्च शिक्षा में सभी छात्रों के लिए निशुल्क छात्रावास उपलब्ध कराए जाएंगे। इंटरव्यू खत्म करके सभी नौकरियों में भर्ती पारदर्शी और केवल लिखित परीक्षाओं के द्वारा की जाएगी युवाओं को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा तथा रोजगार हेतु उचित वित्त पोषण प्रदान करना। प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईएएस और मंत्री तपेंद्र प्रसाद शाक्य द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के के मौर्य, अध्यक्ष राष्ट्रीय मार्गदर्शक मंडल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.शिव प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा यह जानकारी लेख कर वितरित की गई. इस शुभ अवसर पर संख्या में सम्यक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सभी जिला अध्यक्षों सहित,जिला अध्यक्ष शेख सलीम ,कोषाध्यक्ष अनिल सोनी श्री पांचाल जी सहित समस्त कार्यकर्ता महिला पुरुष गुड मॉर्निंग नागरिक एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# मानसून की उम्मीदों के बीच किसानों ने शुरू की धान रोपण की तैयारी,खेतों में लहलहाई नर्सरी

जागरण गंजबासौदा

क्षेत्र में मानसून के आगमन की संभावनाओं के बीच किसानों ने खरीफ सीजन की सबसे महत्वपूर्ण फसल धान की तैयारियां शुरू कर दी हैं। गांव-गांव में खेतों में धान की नर्सरी तैयार की जा रही है, इस मौसम विभाग की चेतावनी और वर्षा को देखते हुए कम क्षेत्र में धान का रकबा हो सकता है।

किसानों का मानना है कि यदि समय पर अच्छी बारिश होती है तो इस वर्ष धान का उत्पादन बेहतर रहने की पूरी संभावना है। वर्तमान में किसान खेतों की जुताई, समतलीकरण, मेड़बंदी और सिंचाई की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। धान की पौध तैयार होने के बाद आगामी दिनों में रोपाई का कार्य बड़े स्तर पर शुरू होगा। खेतों में तैयार हो रही नर्सरी यह संकेत दे रही है कि किसान मानसून को लेकर पूरी तरह आशान्वित हैं और बेहतर उत्पादन के लिए अभी से मेहनत कर रहे हैं।



क्षेत्र के किसान गौरव सोनी ग्राम करारी का कहना है कि धान की खेती पूरी तरह वर्षा पर निर्भर रहती है। पिछले कुछ वर्षों में अनियमित बारिश के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ था, लेकिन इस बार मौसम की स्थिति अनुकूल रहने की उम्मीद है। इसी को देखते हुए किसानों ने समय रहते नर्सरी तैयार करना शुरू कर दिया हैए ताकि पर्याप्त वर्षा मिलते ही रोपाई का कार्य तेजी से किया जा सकेगा ।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की अच्छी पैदावार के लिए समय पर रोपाईए संतुलित उर्वरक प्रबंधन और पर्याप्त जल उपलब्धता बेहद आवश्यक है। यदि मानसून सामान्य रहता है तो क्षेत्र में धान का रकबा बढ़ने के साथ.साथ उत्पादन में भी वृद्धि हो सकती है।

**चालू वर्ष मे 5000 हैकटेयर कम हुआ धान का रकबा, सोयाबीन का बढा**

क्षेत्र में इस बार मानसून की स्थिति को देखते हुए सोयाबीन एवं धान का रकवे पर भी असर पड़ा है गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष बासौदा विकासखंड में किसानों का रुझान धान की फसल की ओर काम हुआ है जिसका मुख्य कारण फ्सल की बढ़ती लागत, पानी की पूर्ति और बाजार में सही दाम ना मिल पाना देखा जा रहा है, जबकि इस वर्ष में सोयाबीन का रकवा 55000 हेक्टेयर में हो सकता है, धान का रकवा घटकर 20 हजार हेक्टर में अनुमानित किया गया है।

## महाराणा प्रताप जयंती पर राजपूत समाज ने निकाला चल समारोह



जागरण गंजबासौदा

बुधवार को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर राजपूत समाज द्वारा नगर में भव्य एवं विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन, युवा एवं महिलाएं सहित ग्रामीण क्षेत्र से भी समाज के लोग शामिल हुए।

चल समारोह के दौरान महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। समाज के अध्यक्ष एडवोकेट अमन सिंह राजपूत ने बताया किचल समारोह का शुभारंभ शीतला माता मंदिर परिसर से हुआ। इसके बाद यह नगर के प्रमुख मार्गों जय स्तंभ चौक, बरेठ रोड, भावसार पुलिया एवं विश्वकर्मा समाज धर्मशाला होते हुए महाराणा प्रताप चौक पहुंचा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजजनों एवं नागरिकों द्वारा चल समारोह का स्वागत किया गया। महाराणा प्रताप चौक पर समाज के पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनसमुदाय ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

इस अवसर पर समाज के वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के त्याग, पराक्रम और स्वाभिमानपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

इसके पश्चात राजपूत समाज धर्मशाला में मंचासीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज के वरिष्ठजनों एवं अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान का स्मरण किया गया। अंत में समाज के पदाधिकारियों ने उपस्थित सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया।

## महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई जयंती

जागरण गंजबासौदा

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर करणी सेना परिवार सिरोंज द्वारा सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से समाज सेवा और जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 3 बजे राजीव गांधी सरकारी अस्पताल, भोपाल रोड सिरोंज में मरीजों एवं जरूरतमंद लोगों को फल एवं बिस्किट वितरित किए गए। इसके पश्चात शाम 4 बजे आश्रम में महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया गया। शाम 5 बजे वृद्धाश्रम में बुजुर्ग एवं निराश्रित लोगों को भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर करणी सेना परिवार के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक लोगों से समाज सेवा के कार्यों में भागीदारी निभाने की अपील की। इस दौरान भक्तियों ने कहा कि महाराणा प्रताप जी का जीवन त्यागए स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है।

## सिरोंज सहित आसपास के ग्रामों से नकली खाद का मामला आया सामने



जागरण सिरोंज

जैसे.जैसे बोनी का समय नजदीक आ रहा है वैसे ही किसानों को खाद की जरूरत लगने लगी है जिसको लेकर नकली खाद विक्रेता शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय हो गए। वहीं बड़ी मात्रा में खाद की कंपनियों के मरका वाली बोरियो में पैक कर खाद बेचने का काम हो रहा है।

कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति को बुधवार को बासौदा नाके पर मोटरसाइकिल से खाद ले जाते पूछ ताछ की। वहीं कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी के साथ कृषि विभाग से अनुज धाकड़ मौके पर पहुंचे जिससे नकली खाद की जानकारी लगी, लेकिन व्यक्ति ने खाद कहा से लेकर आया है यह नहीं बताया जिस पर कारवाही सुनिश्चित नहीं हो सकी। सिरोंज में प्रशासन की नाक के नीचे यह सब हो रहा है और करवाई नहीं हो पा रही। अधिकारी इस बात से कैसे बेखबर है कि खाद कहां से बेचा जा रहा है या फिर कार्रवाई करने से बचा जा रहा है जिसका खामियाजा किसान को बोनी के समय भुगतना पड़ेगा किसान आर्थिक हानि के साथ.साथ धोखाधड़ी का शिकार हो रहा है।

**इनका कहना**

खाली बोरियों में भरकर नकली खाद बाजार में बिक रहा है और प्रशासन मूकदर्शन बना हुआ है।

**सुरेंद्र रघुवंशी कांग्रेस नेता**

नकली खाद की सूचना मिली थी जिस पर किसान ने किसी का भी नाम लेने से इनकार कर दिया है एवं अपने कथन देने से भी इंकार कर दिया है।

**अनुज धाकड़**
**कृषि विभाग अधिकारी सिरोंज**

## सब जेल गंजबासौदा में सात दिवसीय योग अभियान का शुभारंभ

जागरण गंजबासौदा

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज सब जेल गंजबासौदा में सात दिवसीय योग अभियान का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य न्यायमूर्ति विवेक रूसिया द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर सब जेल गंजबासौदा के बंदियों ने वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी प्राप्त की। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित की गई है, जिसे आयुष मंत्रालय द्वारा जारी किया गया है। कार्यक्रम में योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर योग गुरु महेंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे। उन्होंने बंदियों को योगाभ्यास कराया तथा नियमित योग करने के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# बैंकों के सामने खड़े वाहनों पर नपा व यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

### वाहन मालिकों ने बैंक प्रबंधन पर उठाए सवाल

जागरण गंजबासौदा

शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नगर पालिका और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए बैंकों के सामने सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों को हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान कई दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को समझाइश दी गई। वहीं सड़क पर यातायात बाधित करने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई भी की गई।

नगर पालिका और यातायात पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई से बैंक परिसरों के बाहर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अधिकारियों का कहना है कि बैंकों के सामने मुख्य मार्गों पर वाहनों के खड़े रहने से जाम की स्थिति बनती है तथा आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया।

हालांकि कार्रवाई के दौरान कई वाहन मालिकों ने प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकांश बैंकों में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है। ग्राहकों को




मजबूरी में सड़क किनारे वाहन खड़े करने पड़ते हैं। वाहन मालिकों का कहना था कि केवल ग्राहकों पर कार्रवाई करने के बजाय बैंक संचालकों और प्रबंधन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि वे अपने परिसर में उचित पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध कराएं। स्टेशन रोड स्थित एसबीआई बैंक और बैंक ऑफ़ बडौदा के बाद यह कार्रवाई की गई है द्य कार्रवाई से बैंक में लेनदेन के लिए आने वाले बैंक उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। नागरिकों ने भी मांग स्थानीय प्रशासन से की है कि शहर के प्रमुख बैंकों के बाहर पार्किंग के लिए निर्धारित स्थान चिन्हित किए जाएं, जिससे ग्राहकों को परेशानी न हो और यातायात भी प्रभावित न हो। वहीं यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे। नगर पालिका एवं यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहन निर्धारित स्थानों पर ही खड़े करें और यातायात नियमों का पालन कर शहर की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## डीजल उपलब्ध कराने कलेक्टर के आदेश

**सीहोर।** खाद्य विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर बालागुरु के. ने जिले में किसानों को कृषि कार्यों के लिए डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आदेशित किया गया है कि वे किसानों की सुविधा एवं कृषि कार्यों के लिए निर्धारित पहचान एवं आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर प्लास्टिक कैन में भी अधिकतम 50 लीटर डीजल उपलब्ध कराएं।


# जागरण विदिशा

विदिशा, 18 जून 2026 | शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर | www.dainikjagranmpcg.com


## शिक्षण शुल्क दो किस्तों में जमा कर सकते हैं विद्यार्थी

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का शिक्षण शुल्क दो किस्तों में जमा कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि छात्र-छात्राओं पर आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने बताया कि एमपी ऑनलाइन कॉउंटर्स पर विद्यार्थियों को आनलाइन माध्यम से एक साथ पूर्ण शुल्क जमा करने के लिये कहा जा रहा है, जिससे विद्यार्थी असमंजस में पड़ रहे हैं।

## न्यूज कार्नर

### बारिश से पहले आज नपा खोलेगी स्टॉप डैम के गेट

**गंजबासौदा।** मानसून की दस्तक से पहले नगर पालिका ने स्टाफडैम में जल भंडारण क्षमता बनाए रखने और संभावित वर्षा जल की निकासी के मद्देनजर 18 जून को डैम के गेट खोलने का निर्णय लिया है। गेट खुलने के बाद रिपटा घाट सहित बेतवा नदी के अन्य घाटों पर जलस्तर बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। नगर पालिका के अनुसार आगामी दिनों में अच्छी बारिश की संभावना है इसी उद्देश्य से डैम के गेट खोलकर नियंत्रित रूप से पानी छोड़ा जाएगा। इसके चलते नदी में जल प्रवाह बढ़ेगा और घाटों पर पानी का स्तर सामान्य से अधिक हो सकता है। प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों, मछुआरों, किसानों तथा घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं से सतर्क रहने की अपील की है।

### अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर शरबत वितरण आज

**विदिशा।** शहीदी गुरु पर्व श्री गुरु नानक गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में सिख धर्म के पांचवे गुरु श्री अर्जुन देव की शहीदी पर्व के निमित्त छोले एवं छबील के वितरण का आयोजन आज गुरुवार को ठंडा और मीठा शरबत ग्रहण करने हेतु छबील की लंगर सेवा रखी गई है। सन 1606 में मुगल सम्राट जहांगीर ने गुरु अर्जन देव को इस्लाम स्वीकार करने के लिए भीषण यातनाएं दी थी। इन यातनाओं को सहते हुए श्रीगुरु अर्जन देव ने ईश्वर की इच्छा मान तेरा भाना मीठा लागे कहते हुए शहीदी स्वीकार की एवं संगत से कहा कि उनकी मृत्यु पर शोक मनाने की वजाय शांति और सेवा का मार्ग अपनाये इसलिए उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं के सम्मान में छबील लगाई जाती है। छबील बंटना सिख धर्म के मूल सिद्धांतों में से एक सेवा का प्रतीक है। छबील लंगर सेवा सुबह 9 से 11 बजे तक गुरुद्वारा साहब में एवं 12 बजे से माधवगंज, बस स्टैंड, विवेकानंद चौक एवं आशीर्वाद कलेक्शन पर रखी गई है। छबील सेवा में प्रधान सुरेंद्र चावला, कमलजीत सिंह, झीरमल सिंह, मनिंदर सिंह, संधू विवेक अरोड़ा, हरीश अरोरा, सचिन अरोरा, कपिल कुमार, साहिब खेड़ा व समस्त सेवादारों द्वारा निवेदन सहित अनुरोध है अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर गुरुघर की खुशियां प्राप्त करें।

### विकासखंड स्तरीय स्व सहायता समूह व्यंजन प्रतियोगिता

**सांची।** विकासखंड सांची अंतर्गत मध्यान्ह भोजन वितरण कार्य में संलग्न स्व सहायता समूहों की व्यंजन प्रतियोगिता जनपद पंचायत सांची के सभा में आयोजित की गई। विकासखंड स्तर पर व्यंजन प्रतियोगिता में 10 स्व सहायता समूहों ने अपनी भागीदारी की। निर्णायक समिति द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के लिए समूहों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया कार्यक्रम उपरान्त सभी चयनित समूह को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस प्रतियोगिता में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सांची एसएन पांसे, अनुविभागीय अधिकारी मनीष शर्मा, नगरपंचायत अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, अहिरवार, पार्षदगण बीईओ शैलेन्द्र यादव, बीआरसीसी अयोध्या प्रसाद शर्मा, बीएसी कमलेश रजक, संजीव जैन, प्रदीप कुमार, यशवंत यादव आदि मौजूद रहे

### यातायात सुधार के लिए निर्देश बहुत, जमीनी स्तर पर नहीं होता पालन

## ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया

# तीस फीट चौड़ी सड़कों पर रेंगते हैं वाहन क्षमता 20 टन, गुजर रहे 60 टन के वाहन

जागरण विदिशा

शहर में देखें तो यहां की सड़कों पर आवागमन वर्षों पुरानी समस्या बना हुआ है। इस समस्या को सुलभ बनाने के लिए प्रयास तो बहुत हुए। सुरक्षा समितियों में भी समय-समय पर निर्णय लिए जाते रहे लेकिन इन निर्देशों का पालन जमीन पर नहीं उतर पाया। फलस्वरूप अब शहर में वाहनों की संख्या एवं व्यापारिक क्षेत्र बढ़ने के साथ-साथ आवागमन की समस्या और अधिक जटिल होती जा रही है। हालात यह कि 30 फीट चौड़ी सड़कों पर भी वाहनों को रेंगना पड़ रहा है। बार-बार जाम लगने की समस्या बनी हुई है और इस मामले को लेकर नपा एवं प्रशासन एवं पुलिस के जिम्मेदार लोग वर्षों से इस व्यवस्था की अनदेखी करते आ रहे हैं।

मालूम हो कि शहर का बाजार क्षेत्र सिर्फ दो-तीन किमी के दायरे में है, इसमें मुख्य रुप से एक मार्ग पर माधवगंज क्षेत्र, निकासा, तिलक चौक, बड़ाबाजार, बजरिया, रामलीला रोड है तो वहीं दूसरा मार्ग पुराना जिला अस्पताल मार्ग है। इसी तरह एक मार्ग माधवगंज से खरीफाटक तक तो वहीं नीमताल चौराहा से विवेकानंद चौराहा तक वहीं पीतलमिल चौराहा से मिर्जापुर मार्ग तक बाजार क्षेत्र बढ़ गया है। ओवर ब्रिज से दुर्गानगर चौराहा तक तथा शहर के मुख्यमार्ग से हटकर अंदरूनी क्षेत्र किरी मौहल्ला, बाल विहार क्षेत्र, स्वर्णकार कॉलोनी आदि बाजार क्षेत्र हैं जहां लोगों की भीड़ अधिक रहती है, लेकिन किसी भी बाजार मार्ग पर आवागमन आसान नहीं रहा है। हर मार्ग बार-बार जाम लगने की नौबत बनती है और लोग इस तकलीफ को वर्षों भोगते आ रहे हैं।



### पूर्व अधिकारियों के प्रयासों पर फिर गया पानी

शहर में अस्पताल मार्ग, खरीफाटक मार्ग, माधवगंज चौराहा, मुख्य बाजार मार्ग, पीतलमिल चौराहा आदि कई मुख्य मार्गों पर आवागमन को सुलभ बनाने के लिए पूर्व में जिला प्रशासन, पुलिस व नपा ने बेहतर प्रयास किए थे। तत्कालीन कलेक्टर डा. पंकज जैन के कार्यकाल के दौरान शहर के कई चौराहों व सड़कों का चौड़ीकरण कर एवं आवागमन की समस्या को दूर करने के अन्य प्रयास हुए थे। इन प्रयासों के चलते माधवगंज एवं जयप्रकाश मंच क्षेत्र के ठेलों को अन्य स्थान पर व्यवस्थित किया गया था। बाल विहार क्षेत्र की सड़क के बीच आ रहे बिजली खंभे व ट्रांसफार्मरों को सड़क से हटाकर दूर शिफ्ट किया गया था। पीतलमिल चौराहा, मेन रोड, अस्पताल मार्ग आदि पर दिनभर नपा का अतिक्रमण विरोधी दस्ता भ्रमण कर सड़कों पर अतिक्रमण पर अपनी सतत नजर रखकर उन्हें हटाने का कार्य करता था और सड़कें आवागमन में सुलभ होने लगी थी, लेकिन अब सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में सिर्फ निर्णय लिए जाते रहे पर निर्णयों पर अमल नहीं होने से यह समस्या अब गंभीर रूप लेने लगी है। वहीं अब सड़क की व्यस्तता का नया क्षेत्र नीमताल से ईदगाह चौराहा का भी समस्या में जुड़ने लगा है। तमाम नए व्यावसायिक केंद्र खुलने से एवं सड़कों पर ही वाहन पार्किंग होने यह विदिशा-सांची मार्ग भी अब वाहन चलाना आसान नहीं रहा है।

### यहां व्यापार करने के लिए अघोषित रूप से सौंप दी सड़क

इसी तरह आवागमन को सुलभ बनाने के लिए गांधी प्रतिमा चौराहे के पास से शुक्ल प्रतिमा तक ओवर ब्रिज के नीचे से एक नई सड़क पूर्व नपा परिषद में बनाई गई थी, दिन में तो यह सड़क आवागमन के लिए सुलभ रहती है, लेकिन शाम होते ही यह सड़क चौपाटी में तब्दील हो जाती है। यहां सड़क पर पूर्व में बोड लगाए गए थे कि यह सड़क आम रास्ता है, लेकिन वह सूचना पटल भी अब गायब हो चुक और लाखों रुपए की बनवाई गई यह सीसी सड़क काफी समय से शाम होते ही चौपाटी के रूप में दिखाई देती है और सड़क पर वाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो जाता है।

### 17 लाख की सड़क पर होती पार्किंग

हालात यह कि बाल विहार क्षेत्र में करीब एक वर्ष पूर्व 30 फीट चौड़ाई में सीसी सड़क बनाई गई। उम्मीद यह की गई थी इस सड़क पर आवागमन आसान हो सकेगा, लेकिन करीब 17 लाख की लागत से बनी इस सड़क का उपयोग अघोषित वाहन पार्किंग के रूप में हो रहा है। बड़ी संख्या में चार पहिया वाहन खड़े हो जाने से इस 30 फीट चौड़ी सड़क पर वाहनों को रेंगना पड़ रहा है। बताते हैं कि इस सड़क की क्षमता 20 टन भार की है, लेकिन सड़क पर 60 से 70 टन तक के वाहन गुजर रहे हैं। दरअसल इस क्षेत्र में कई गोडाउन होने से भारी सामान भारी वाहनों में आता और इस सड़क से गुजरता है। ऐसे में यह सड़क ज्यादा समय टिकाऊ नहीं रह पाएगी इसी तरह कम भार क्षमता की अन्य सड़कों पर भी भारी वाहनों का आवागमन बना रहने से शहर की सड़कों का सत्यानाश हो रहा और बार-बार सड़कों पर लाखों रुपए खर्च करने की स्थिति बनी हुई है।

### इच्छा शक्ति की जरूरत

शहर वरिष्ठजनों की माने तो शहर में आवागमन सुलभ बनाना मुश्किल भरा नहीं है। शहर के व्यापारी भी हमेशा आगवामन को सुलभ बनाने के पक्ष में रहे हैं। जिम्मेदारों में सिर्फ इच्छा शक्ति की कमी है। अगर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगरपालिका संयुक्त रूप से एवं निष्पक्ष तरीके से पहल करे तो सड़कों पर आवागमन में बढ़ती इस मुश्किल को आसानी से आसान कर सकती है पर यह समस्या आम लोगों की है इसलिए खास लोग इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे जिससे आगामी समय में यह समस्या विकराल रूप ले लेगी। सड़कों पर पैदल चलना आसान नहीं रह जाएगा।

## हत्या के मामले में फरार इनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जागरण विदिशा।** थाना नटेरन पुलिस ने हत्या के एक मामले में फरार चल रहे 3 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 मार्च 2026 को थाना कोतवाली जिला विदिशा से एक मर्ग डायरी थाना नटेरन को प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचना के अनुसार नंदकिशोर शर्मा उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम कालू आमखेड़ा थाना नटेरन जिला विदिशा की करंट लगने से मृत्यु होना बताया गया था। मर्ग डायरी प्राप्त होने पर थाना नटेरन में धारा 194 बीएनएसएस के अंतर्गत जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान संकलित साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में होना पाई गई। विस्तृत जांच उपरांत आरोपीगण कोमल प्रसाद शर्मा, चुन्नीलाल एवं संदीप शर्मा निवासी ग्राम कालू आमखेड़ा के विरुद्ध धारा 103/1, 3/5 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया। प्रकरण दर्ज होने के पश्चात आरोपी कोमल प्रसाद शर्मा लगातार फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने फरार इनामी आरोपी कोमल प्रसाद शर्मा उम्र 77 वर्ष निवासी ग्राम कालू आमखेड़ा थाना नटेरन जिला विदिशा को गिरफ्तार किया।

## सोने की नई अंगूठी लेने के बाद भी मां को प्रताड़ित कर रहा था बेटा

### पुलिस पंचायत ने सुलझाया मामला, बेटे ने मां के पैर छूकर मांगी क्षमा, अन्य मामले भी निपटे

जागरण विदिशा

पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोर कमेटी सदस्य आर. कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, डॉ. सचिन गर्ग, विनोद शाह, डीके वाजपेयी एवं पार्थ पितलिया उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं पारिवारिक विवादों के कुल 10 प्रकरणों की सुनवाई की गई। पंचायत में प्रस्तुत एक मार्मिक प्रकरण में 80 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक महिला ने शिकायत की कि वर्षों पूर्व उनके पुत्र ने सोने की अंगूठी सुरक्षित रखने के लिए उन्हें दी थी, जो बाद में गुम हो गई। अंगूठी खो जाने के कारण पुत्र द्वारा लगातार विवाद एवं मानसिक प्रताड़ना दी जाती रही। विवाद से परेशान होकर वृद्ध महिला ने धीरे.धीरे राशि एकत्रित कर लगभग सवा लाख रुपये मूल्य की नई सोने की अंगूठी पुत्र को दे दी, इसके बावजूद उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा था। पंचायत में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद पुत्र को सख्त समझाइश दी गई कि माता से इस प्रकार का व्यवहार किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। यह भी स्पष्ट किया गया कि अंगूठी के बदले राशि प्राप्त होने के बाद उन्हें अपनी मां को किसी प्रकार से परेशान नहीं करना चाहिए। उपस्थित अन्य पुत्रों को भी माता की देखभाल एवं सम्मान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समझाइश के बाद पुत्र ने अपनी माँ से क्षमा याचना करते हुए उनके चरण स्पर्श कर भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न करने का आश्वासन दिया।



इसी तरह इस पंचायत में 9 अन्य पारिवारिक विवादों को सुलझा कर उनका निराकरण किया गया।

## महिला कांग्रेस का प्रदर्शन, पानी की पड़ी मार

### मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करने का विरोध, पीएम का फूंका पुतला

जागरण विदिशा

कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में जिला महिला कांग्रेस के नेतृत्व में बरईपुरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया गया। भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में काली पट्टी बांधकर लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया तथा प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाओष, तानाशाही बंद करो, कांग्रेस जिंदाबाद एवं संविधान की रक्षा करो जैसे नारे लगाए। इसके पश्चात महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई।



जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहा भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। मीनाक्षी नटराजन जैसी संघर्षशील महिला नेत्री का नामांकन निरस्त करना लोकतंत्र और नारी सम्मान पर सीधा हमला है। महिला कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष बोहत ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज सर्वोपरि होती है, लेकिन भाजपा सरकार विपक्ष को दबाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है और कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने कहा कि यह केवल एक नेता का नहीं बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता को कमजोर करने का कार्य कर रही है। वहीं किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत डांगी ने कहा कि युवा कांग्रेस लोकतंत्र विरोधी ताकतों के खिलाफ मजबूती से खड़ी है। युवाओं की आवाज दबाने और विपक्ष को कमजोर करने के प्रयासों का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति कुशवाहा, मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस सचिव मुआज़ कामिल, आशीष माहेश्वरी, धर्मेंद्र यादव वैभव भारद्वाज सहित पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ की शमशाबाद इकाई गठित, अभिषेक बने अध्यक्ष



जागरण शमशाबाद

मध्य प्रदेश में पत्रकारों के हित में काम कर रहे मध्य प्रदेश के सबसे बड़े संगठन मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सलभ भदोरिया के मार्गदर्शन में जिले के पदाधिकारी द्वारा ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के संदर्भ में शमशाबाद ब्लॉक में नगर के पत्रकारों द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें श्रमजीवी पत्रकार संघ की शमशाबाद इकाई का गठन बुधवार को वन विभाग गेस्ट हाउस में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अभिषेक जैन को शमशाबाद इकाई का अध्यक्ष चुना गया।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला स्तरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में इकाई का गठन हुआ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों के हितों की रक्षा करना और पत्रकारिता के मानकों को बढ़ावा देना है। जिले के अधिकारियों ने कहा कि हम निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता करेंगे। पत्रकार साथियों पर होने वाले किसी भी प्रकार के दबाव या उत्पीड़न के खिलाफ संघ आवाज उठाएगा। पत्रकार सुरक्षा कानून को प्रदेश में लागू करवाना हमारी प्राथमिकता रहेगी उपस्थिति। बैठक में विदिशा जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कटारे, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मुजीब खान, महासचिव सुधाकर मोरे, संभागीय अधिकारी योगेंद्र सिंह तोमर, संभागीय अधिकारी नरेंद्र सिंह भदोरिया आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में अवैध मेडिकल स्टोर्स पर कंसा शिकंजा

# कार्रवाईः जिले में 32 औषधि लाइसेंस निरस्त

जागरण गंजबासौदा/विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर्स एवं औषधि प्रतिष्ठानों के खिलाफ औषधि प्रशासन द्वारा लगातार जांच और कार्रवाई की जा रही है। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

औषधि निरीक्षक जॉन प्रवीण कुजूर ने बताया कि पिछले एक वर्ष के दौरान जिलेभर में व्यापक निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया गया। जांच में कई मेडिकल स्टोर्स निर्धारित नियमों और वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप संचालित नहीं पाए गए। इसके चलते जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित 32 थोक एवं खुदरा औषधि विक्रेताओं के औषधि लाइसेंस अनुज्ञप्तियां निरस्त किए गए हैं। निरस्त की गई अनुज्ञप्तियों में लटेरी, गंजबासौदा, सिरोंज, कुरवाई, ग्यारसपुर, शमशाबाद सहित अन्य क्षेत्रों के मेडिकल स्टोर्स और औषधि एजेंसियां शामिल हैं।



औषधि निरीक्षक के अनुसार जांच के दौरान संबंधित प्रतिष्ठान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत निर्धारित मानकों एवं शर्तों का पालन करते नहीं पाए गए, जिसके कारण उनके लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा है कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जिले में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर्स, बिना वैध अनुमति के संचालित औषधि प्रतिष्ठानों तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध जांच और कार्रवाई का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। प्रशासन ने सभी औषधि विक्रेताओं से अपील की है कि वे औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के सभी प्रावधानों का पूर्ण पालन करें तथा अपने प्रतिष्ठानों का संचालन निर्धारित नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करें।

### इन मेडिकल स्टोर्स पर हुई कार्रवाई

कार्रवाई के दायरे में आर्या मेडिकल, बिहारी जी मेडिकल, शर्मा मेडिकल स्टोर अंबा नगर, कृष्णा मेडिकल, युविका मेडिकल, गणेश मेडिकल, श्याम मेडिकल स्टोर अंबा नगर, न्यू गुरु मेडिकल स्टोर, राधिका मेडिकल उहर, कृतिका मेडिकल इमली चौराहा, आजाद मेडिकल एजेंसी, आराध्य मेडिकल स्टोर बागरोद, गुनगुन मेडिकल स्टोर त्योंदा, शिव मेडिकल घटेरा, सी बेस्ट फार्मा सिरोंज, राजकुमार मेडिकल स्टोर ग्यारसपुर तथा आलशिफ मेडिकल स्टोर शमशाबाद सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं।

## करणी सेना ने सेवा कार्य के रूप में मनाई महाराणा प्रताप की जयंती, गौसेवा भी की

जागरण विदिशा

वीर शिरोमणि राष्ट्र गौरव एवं स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर करणी सेना परिवार द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों का आयोजन कर जयंती को सेवा पर्व के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9.30 बजे महाराणा प्रताप चौराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित समाजजनों एवं कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान एवं त्यागपूर्ण जीवन का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इसके पश्चात गौ माता को हरा चारा एवं घास खिलाकर गौसेवा का कार्य किया। इसके बाद सुबह 10.30 बजे श्रीहरि वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के उपयोग हेतु आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण भेंट किए गए तथा उनका सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।



तत्पश्चात सुबह 11 बजे कच्ची धर्मशाला बरईपुरा चौराहा पर बुजुर्ग एवं निराश्रित जनों को भोजन प्रसादी वितरित की गई। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने सेवा कार्य में सहभागिता निभाते हुए जरूरतमंदों को भोजन कराया। करणी सेना परिवार के जिलाध्यक्ष दातारसिंह राजपूत ने बताया कि महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि त्याग, सेवा, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के जीवंत प्रतीक हैं। उनकी जयंती को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि समाजसेवा के माध्यम से मनाना ही उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इसी भावना के साथ गौसेवा, वृद्धसेवा एवं अन्नसेवा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में करणी सेना परिवार के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति, युवाशक्ति एवं समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।